हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 फरवरी 2025

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 10.1 डिग्री

11 पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय पीजी कालेज ...



12 संस्कारों का जीवन में विशेष महत्व : डॉ. अमरजीत



## शहर में आज

- बिजली निगम में 11 से 4 बजे तक खुला दरबार।

## बिजली कट

- सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक
मेडिकल मोड़, आदर्श नगर, दरियाव नगर, डी पार्क, दिल्ली रोड
- सुबह 10 से 3 बजे तक
कबीर कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, बंसत विहार, विकल्प स्कूल

## खबर संक्षेप



### एमडीयू के 3 एलुमनी सहायक प्रोफेसर बने

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के 3 पूर्व विद्यार्थी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में होटल प्रबंधन में सहायक प्रोफेसर के तौर पर चयनित हुए हैं। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि संस्थान के तीन पूर्व विद्यार्थियों- डॉ. पवन कुमार, डॉ. विक्रांत और डॉ. आरती का चयन सहायक प्रोफेसर के तौर पर इंदिरा गांधी विवि, मीरपुर, रेवाड़ी में है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पवन कुमार प्रो. आशीष दहिया तथा डॉ. आरती ने डॉ.सुमेघ के मार्गदर्शन में पीएचडी डिग्री की है।

### भाजपा ने तीन नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

**रोहतक।** नगर निगम चुनाव में चुनाव लड़ने वाले एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने वाले तीन नेताओं को भाजपा ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। जिला प्रधान रणवीर सिंह ढाका ने बताया कि वार्ड 19 से अभिमन्यु रजोतिया, वार्ड 20 से शमशेर वत्स, वार्ड 20 से सुरेंद्र शर्मा को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर उनकी प्राथमिक सदस्यता रद की गई है।

### खेड़ीसाध के पास वाहन की चपेट में आया व्यक्ति

**रोहतक।** गांव खेड़ीसाध के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। खरावड़ पुलिस चौकी को दी शिकायत में मृतक के परिजन प्रदीप ने बताया कि सोनीपत के गांव जाखौली का रहने वाला है। ऑटो रिक्शा चलाने का काम करता है। वह चार भाई हैं। 14 फरवरी को मेरा भाई मुकेश अपने साथी के साथ महेंद्रगढ़ में शोक जताने के लिए गए थे।

### सराय अहमद व मकड़ौली कलां में डीटीपी की कार्रवाई से हड़कंप

# डीटीपी के रडार पर 86 अवैध कॉलोनियां 23 एकड़ में बनी 6 पर चला पीला पंजा

- कॉलोनियों में इंटरलॉकिंग टाइल रोड नेटवर्क, सीवरेज लाइन, कच्चा रोड नेटवर्क, छह निर्माण, 8 नींव, बिजली के खंभे गिराए गए
- नागरिक अवैध कॉलोनियों के निर्माण में न करें निवेश
- जिले में अवैध कॉलोनी और निर्माण को नहीं पनपने दिया जाएगा : योजनाकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में अवैध रूप से बनाई जा रही कॉलोनियों और निर्माण कार्यों पर प्रशासन द्वारा सख्ती से तोड़फोड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रशासन की टीम ने मंगलवार को अवैध निर्माण गिराने के लिए अभियान चलाया। जहां टीम ने सराय अहमद व मकड़ौली कलां में 23 एकड़ में 6 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की।

इस दौरान लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया लेकिन अधिकारियों के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। तोड़फोड़ से लोगों में हड़कम्प मचा रहा। कई दिन से प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ अभियान चलाए जा रहे हैं जो आगे भी जारी रहेंगे। अभियान में गांव सराय अहमद व मकडौली कलां में इंटर लोकिंग टाइल रोड नेटवर्क, सीवरेज लाईन, कच्चा रोड नेटवर्क, 6 निर्माण, 8 नींव और बिजली के खंबे हटाए गए। इस अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय अधिकारी व कर्मचारी के अलावा पुलिस बल भी मौजूद रहे।

#### 86 अवैध कॉलोनियों में होगी तोड़फोड़

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित की गई 86 अवैध कॉलोनियों में खरीद-फरोख्त न करें। ऐसी चिन्हित कॉलोनियों में जिला प्रशासन द्वारा तोड़-फोड़ अभियान चलाया जा रहा है। नागरिक भू-माफिया आदि के बहकावे में आकर अपनी जमा पूंजी को अवैध कॉलोनी व निर्माण में निवेश न करें।

#### अपनी पूंजी को अवैध निर्माणों पर न लगाएं

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने आमजन से अपील की है कि वे अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें, क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। नागरिक अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले इस उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

#### अवैध कॉलोनियों को विकसित नहीं होने दिया जाएगा

जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनी तथा अवैध निर्माण को विकसित नहीं होने दिया जाएगा। ऐसी कॉलोनी व निर्माण को तोड़ने के लिए नियमित समय पर अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान के तहत रोहतक नियन्त्रित एवं शहरी क्षेत्र के सराय अहमद व मकड़ौली कलां में लगभग 23 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही छह कॉलोनियों को तोड़ा गया। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। - **धीरेंद्र खड़गटा**, उपायुक्त रोहतक





अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त

## सजे गए मंदिर, महाशिवरात्रि आज



**रोहतक।** महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में जोरशोर से तैयारियां की गई हैं। सभी मंदिरों को फूल, लाइटों से सजाया गया है। जहां शिवभक्त रात से ही जलाभिषेक करना शुरू कर देंगे। शहर के दुर्गा भवन स्थित मंदिर, गोकर्ण के पास स्थित श्री प्राचीन शिव मंदिर,वैश्य कॉलेज मंदिर, मॉडल टाउन गुफा मंदिर, किलोई शिव मंदिरों को सजाया , वही गोकर्ण तीर्थ पर महाशिवरात्री पर बधाई महोत्सव के दौरान भजन सम्राट चित्र विचित्र अपनी प्रस्तुति देंगे।



### डॉ. बबीता गर्ग को एक्सीलेंसी अवार्ड फॉर स्पेशल लाइब्रेरियन से किया सम्मानित

**रोहतक।** डॉ. बबीता गर्ग को एलपीए लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स एसोसिएशन एक्सीलेंसी अवार्ड फॉर स्पेशल लाइब्रेरियन से सम्मानित किया गया। पीजीआईएमएस रोहतक की लाइब्रेरियन डॉ. बबीता गर्ग को 20 से 22 फरवरी 2025 को डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में आयोजित अकादमिक पुस्तकालयों में ज्ञान संगठन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेष लाइब्रेरियन के लिए प्रतिष्ठित एलपीए एक्सीलेंसी अवार्ड (स्वास्थ्य) से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण को मान्यता देता है। पीजीआईएमएस रोहतक के कुलपति कार्यालय में एक विशेष प्रशंसा समारोह में कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल, देना एकेडमिक्स डॉ. के.एस. लालर और सेंट्रल लाइब्रेरी के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. रमेश वर्मा ने पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ाने में डॉ. गर्ग की प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने संस्थान के पुस्तकालय में ज्ञान प्रसार और डिजिटल उन्नति को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों को स्वीकार किया। यह सम्मान डॉ. गर्ग के अमूल्य योगदान को उजागर करता है और पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में पेशेवरों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# सांपला में कल 3500 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

- सभी तैयारियां पूरी, 10वीं व 12वीं की परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं की परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू होगी। शिक्षा बोर्ड ने दोनों कक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए। सांपला ब्लॉक में करीब 3500 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। कक्षा दसवीं की परीक्षाएं 28 फरवरी से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा 27 फरवरी से 28 मार्च तक आयोजित होंगी। वहीं शैक्षिक, मुफ्त विधालय परीक्षाओं की भी तैयारी कर ली है। इस दौरान शिक्षा विभाग में ब्लॉक में सात परीक्षा केंद्र बनाए हैं। अभी सांपला में कंट्रोल केंद्र भी बनाया है। परीक्षा में प्राचार्य के अलावा शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई।

#### आईडी प्रूफ के बिना प्रवेश नहीं मिलेगा



नकल रहित परीक्षा कराने के लिए विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस बार परीक्षा केंद्र में आईडी प्रूफ के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के आई कार्ड बना दिए गए। -**सुमन हुड्डा**, खंड शिक्षा अधिकारी सांपला

#### आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा

शिक्षा बोर्ड में 10वीं 12वीं की परीक्षाओं को नकल विहीन करने के लिए कड़े प्रबंध किए हैं। इस बार विद्यार्थी अपने स्कूल का परिचय पत्र लेकर परीक्षा देने जाएंगे। परीक्षा के लिए विद्यार्थी को आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। इस दौरान जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जाएगा।

### नगर निगम चुनाव के लिए 285 मतदान केंद्र बनाए गए

- चुनाव में तैनात मतदान स्टाफ की हुई रेंडमाइजेशन

**रोहतक।** नगर निगम रोहतक में आम चुनाव के लिए आरक्षित मतदान पार्टियों सहित 314 मतदान पार्टियां गठित की गई है तथा कलानौर नगर पालिका आम चुनाव के लिए आरक्षित सहित 18 मतदान पार्टियां गठित की गई है। नगर निगम आम चुनाव के लिए 285 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव के लिए 16 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, नगर निगम रोहतक के सामान्य पर्यवेक्षक राज नारायण कौशिक, दलबीर फौगाट, सहायक निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान में तैनात किए गए मतदान पार्टियों की रेंडोमाइजेशन की गई।

**समाधान** अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का शीघ्र निपटाएं : डीसी

# समाधान शिविर में अब तक आई 5738 शिकायतों में से 4726 का किया निपटारा

- शिविर में एक छत के नीचे विभिन्न विभागों की शिकायतों का किया जा रहा है निदान
- प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है समाधान शिविर
- 82 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का किया जा चुका है निदान, शेष शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी



**रोहतक।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीसी धीरेंद्र खड़गटा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। विभागीय समीक्षा के दौरान समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा भी की जाएगी। अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इनका शीघ्र निपटारा करें। अब तक समाधान शिविर में 5738 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 4726 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में से 82 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निदान हो चुका है तथा शेष शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय, नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करके मौके पर उपस्थित विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इन शिकायतों का यथासंभव निदान किया जा रहा है।



नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली. : 1800 891 1250

# सोना या शेयर... कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद

- दोनों के 20 साल के रिटर्न से समझें पूरी रणनीति
- सोने की कीमतों में 2023-2025 में बढ़ोतरी जारी
- भू-राजनीतिक तनाव से कीमतें प्रभावित हुईं
- सोने व सेंसेक्स ने पिछले 20 वर्षों में समान रिटर्न दिया

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

वर्ष 2023 से सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2025 में भी जारी है। ये बढ़ोतरी भू-राजनीतिक तनावों, मुद्रास्फीति और शेयर बाजार की गिरावट के कारण हुई है। पिछले 20 वर्षों में सोना और सेंसेक्स ने समान रिटर्न दिया है, जिससे दोनों निवेशों की अहमियत स्पष्ट होती है। सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।



### इस बात को भूल जाते हैं लोग

अंतराष्ट्रीय सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है। डॉलर में किसी भी मजबूती का मतलब भारतीय रुपये में कमजोरी है। ऐतिहासिक रूप से रुपये ने डॉलर के मुकाबले मूल्य खोया है। इसलिए जब रुपया कमजोर होता है तो सोने का मूल्य बढ़ता है। यह सोने के भारतीय रुपये-मूल्यवर्ग के रिटर्न को बढ़ाता है। भारतीय निवेशकों के लिए सोने में अतिरिक्त रिटर्न (सालाना 2% और 3% के बीच) रुपये के अवमूल्यन से आया है।

**इसलिए डायवर्सिफिकेशन जरूरी :** सोना और स्टॉक अलग-अलग प्रकार के निवेश हैं, उन्होंने दो दशकों में समान रिटर्न प्रदान किया है। एक दूसरे से बेहतर हैं या नहीं यह बाजार की स्थितियों, जोखिम की भूख और निवेश लक्ष्यों पर निर्भर करता है। इक्विटी और बॉन्ड के साथ सोने में अच्छा निवेश कॉन्सेंट्रेशन रिस्क को कम करते हुए पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है। कुल मिलाकर आपके एसेट एलोकेशन के हिस्से के रूप में दोनों का सही अनुपात में होना जरूरी है।

सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।

### सोने में तेजी की वजह क्या

2020 के बाद भू-राजनीतिक तनाव ने सोने की कीमतों को हवा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दरों में कटौती के अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और चीन-ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सोने की कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है। ट्रंप की टैरिफ नीतियां व्यापार युद्ध शुरू कर सकती हैं। इसका वैश्विक मुद्राओं पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। सोने का भाव देश में 89 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। कुछ समय पहले बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स भी 25 सितंबर, 2024 को पहली बार 85,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को 85,978 के सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। यह 85,571 पर बंद हुआ था, जो अब तक का सबसे ऊंचा लेवल है। आइए देखते हैं कि पिछले 20 वर्षों में रिटर्न के मामले में दोनों में किसने बाजी मारी है।

### किसने मारी बाजी

2005 में सेंसेक्स 8,000 पर था। वहीं, सोना लगभग 7,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 2025 में सोना और सेंसेक्स (29 सितंबर, 2024) दोनों 85,000 रुपये को पार कर गए। दोनों के बीच यह स्तर छूने में चार महीने का अंतर रहा। हालांकि, एक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट व्यू ऐसे अंतरों को दूर करता है। चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) फॉर्मूला का इस्तेमाल करते हुए दोनों एसेट्स ने पिछले 20 सालों में 12% से 13% का वार्षिक रिटर्न दिया है। क्या यह एक अद्भुत संयोग नहीं है? लेकिन एक बात है, जिसे लोग अक्सर भूल जाते हैं।

# एसआईपी से जुड़े सात सवाल जवाब में छिपी फायदे की बात

- एसआईपी के जरिये किए गए निवेश से पूरा फायदा मिलेगा
- आप निवेश की इस रणनीति पर सही ढंग से अमल कर पाएंगे
- रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये करते हैं निवेश, इसमें नुकसान का कम रहता है जोखिम
- थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), म्यूचुअल फंड में निवेश करने का एक पॉपुलर तरीका है। रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाते हैं, लेकिन क्या ज्यादातर निवेशक एसआईपी के जरिये निवेश की रणनीति को ठीक से समझते हैं? पिछले दिनों शेयर बाजार में गिरावट के दौरान अधिकांश फंड्स के एसआईपी रिटर्न भी घटे। उस पर निवेशकों के बीच जिस तरह से घबराहट देखने को मिली और लोग एसआईपी को कटघरे में खड़ा करने लगे, उसे देखकर तो यही लगता है कि इस बारे में और अधिक समझदारी बनाने की जरूरत है। अगर रिटेल निवेशकों को एसआईपी के जरिये निवेश का पूरा फायदा उठाना है, तो उनके लिए निवेश के इस तरीके को सही संदर्भ में समझना और उससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना जरूरी है।

**एसआईपी क्या एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है**

बहुत सारे इनवेस्टर एसआईपी को एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट समझ लेते हैं. जबकि सच ये है कि एसआईपी कोई अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट नहीं है। दरअसल, सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान किसी भी म्यूचुअल फंड में डिसिप्लिन के साथ रेगुलर इनवेस्टमेंट करने का एक तरीका है। ऐसा तरीका, जो निवेश करने की प्रक्रिया को आम निवेशकों के लिए आसान और सुविधाजनक बना देता है। साथ ही इसके जरिये रेगुलर इनवेस्टमेंट का डिसिप्लीन यानी अनुशासन भी मेंटेन किया जा सकता है। एसआईपी का मतलब है, आपके चुने हुए इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट यानी म्यूचुअल फंड स्कीम में, पहले से तय अंतर पर (मसलन, हर महीने या 3 महीने में) एक निश्चित रकम निवेश करना यानी इसमें एक फिक्स्ड रकम, पहले से तय फ्रीक्वेंसी के हिसाब से आपके चुने हुए म्यूचुअल फंड में निवेश कर दी जाती है। यानी असल में आपका फंड या चुनी हुई स्कीम ही इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है, जबकि एसआईपी तो सिर्फ उसमें पैसे लगाने का एक सुविधाजनक और बेहतर तरीका है।

**एसआईपी क्या एक अलग एसेट क्लास**


नहीं। एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं है, लेकिन एसआईपी के जरिये आप अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करने वाले फंड्स में पैसे जरूर लगा सकते हैं। मिसाल के तौर पर अगर आप गोल्ड फंड में एसआईपी करते हैं, तो आपके पैसे उस फंड के जरिये गोल्ड में निवेश होते हैं। यानी एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं, बल्कि इनवेस्टमेंट का तरीका है। कुछ-कुछ वैसे ही, जैसे पोस्ट ऑफिस या बैंक में आप रिकरिंग डिपॉजिट के जरिये पैसे जमा करते हैं।

**एसआईपी से तय होता है कम या ज्यादा रिटर्न**

एसआईपी के जरिये किए जाने वाले निवेश पर आपको कितना रिटर्न मिलेगा, यह उस फंड के परफॉर्मेंस से तय होता है, जिसमें आप पैसे डाल रहे हैं। एसआईपी को निवेश का बेहतर तरीका इसलिए माना जाता है, क्योंकि इसमें निवेश की टाइमिंग का टेंशन नहीं रहता है। यानी एक साथ पूरे पैसे लगाने की तुलना में एसआईपी के जरिये थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर इनवेस्टमेंट की टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम हो जाता है। इसका फायदा लंबे अरसे में मिलता है. लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता कि एसआईपी के जरिये निवेश करने पर मिलने वाला रिटर्न लंपसम यानी एकमुश्त निवेश के रिटर्न से हमेशा ज्यादा या कम ही होगा। इसकी वजह ये है कि लंपसम इनवेस्टमेंट का रिटर्न किसी हद तक निवेश की टाइमिंग पर भी निर्भर रहता है। एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाने पर रिटर्न की कोई गारंटी भी नहीं होती। इसका रिटर्न पूरी तरह उस म्यूचुअल फंड स्कीम के प्रदर्शन पर निर्भर है, जिसे आपने सेलेक्ट किया है।

**एसआईपी क्या सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए**

एसआईपी की बड़ी खूबी है कि आप इसके माध्यम से हर महीने सिर्फ 500 रुपये या उससे भी छोटी रकम से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं कि एसआईपी सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए है। सच तो यह है कि एसआईपी में इनवेस्टमेंट की कोई अपर लिमिट यानी ऊपरी सीमा नहीं होती। इसलिए बड़ी पूंजी लगाने वाले हाई नेटवर्थ निवेशक भी एसआईपी के जरिये निवेश करते हैं। उनकी एसआईपी में दिलचस्पी इसलिए रहती है, क्योंकि इसके जरिये पैसे लगाने पर बाजार के उतार-चढ़ाव से फायदा होता है। मार्केट चढ़ने पर एसआईपी की रकम में कम यूनिट्स मिलती हैं, लेकिन जब बाजार गिरता है, तो एसआईपी के उसी फिक्स अमाउंट में ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। इस तरह लंबे अरसे के दौरान निवेश की एवरेज प्रति यूनिट कॉस्ट कम हो जाती है। इसी को रुपी-कॉस्ट एवरेजिंग कहा जाता है, जो एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है।



**एसआईपी क्या सिर्फ इक्विटी फंड्स के लिए**

ऐसा सोचना सही नहीं है कि एसआईपी के जरिये सिर्फ इक्विटी फंड्स में ही निवेश किया जा सकता है। एसआईपी का इस्तेमाल आप डेट फंड्स या हाइब्रिड फंड्स से लेकर गोल्ड फंड तक, किसी भी म्यूचुअल फंड स्कीम में पैसे लगाने के लिए कर सकते हैं। डेट फंड्स में एसआईपी के जरिये इनवेस्ट करना, कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसे बैंक या पोस्ट ऑफिस के रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) में पैसे लगाना। डेट फंड्स में आमतौर पर इक्विटी फंड्स के मुकाबले ज्यादा स्टेबल रिटर्न मिलते हैं। इसलिए डेट फंड में एसआईपी करना उन निवेशकों के लिए बेहतर रहता है, जो ज्यादा रिस्क नहीं लेना चाहते या जो शॉर्ट टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं।

**एसआईपी के साथ क्या हमेशा लॉक इन पीरियड जुड़ा होता**

टैक्स सेविंग इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम्स (ईएलएसएस) में किए गए निवेश पर 3 साल का लॉक-इन पीरियड लागू होता है, जबकि रिटायरमेंट फंड्स और चिल्ड्रेंस फंड्स में 5 साल का लॉक-इन होता है। यह लॉक-इन इन स्कीम्स में एसआईपी के जरिये निवेश करने पर भी लागू रहता है, लेकिन बाकी ज्यादातर ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड्स में आप अपने निवेश को कभी भी निकाल सकते हैं, अगर आप एसआईपी शुरू करने के बाद किसी वजह से उसे बीच में रोकना यानी पॉज करना चाहते हैं, तो आप यह काम भी बड़ी आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए आपको कोई एक्सट्रा फीस भी नहीं देनी पड़ती है। आप अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ यूनिट्स भी बेच सकते हैं। ऐसा करते समय एग्जिट लोड और मुनाफे पर लागू टैक्स की जानकारी जरूर कर लेनी चाहिए। एग्जिट लोड यूनिट्स के होल्डिंग पीरियड के हिसाब से अलग-अलग लगता है।

**एसआईपी का 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना कितना सही**

एसआईपी के जरिये किए गए निवेश पर सिर्फ 6 महीने या 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना सही नहीं है। इक्विटी फंड्स की एसआईपी के मामले में यह बात समझना और भी जरूरी है। दरअसल, इक्विटी फंड्स में एसआईपी करने वालों को हमेशा यही सलाह दी जाती है कि उन्हें 5 साल या उससे भी ज्यादा समय के लिए एसआईपी करने पर फोकस करना चाहिए, क्योंकि इनवेस्टमेंट पर एवरेजिंग और कंपाउंडिंग का पूरा फायदा लेने के लिए ऐसा करना बेहतर रहता है। हालांकि अपने निवेश के उद्देश्य और इनवेस्टमेंट होराइजन के हिसाब से आप कम समय के लिए भी एसआईपी कर सकते हैं.लेकिन उसके लिए सही स्कीम या फंड का सेलेक्शन जरूरी है। उदाहरण के लिए अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन या शॉर्ट ड्यूरेशन फंड जैसे डेट फंड को शॉर्ट टर्म एसआईपी के लिए बेहतर माना जाता है। लेकिन अगर आप स्मॉल कैप या मिड कैप जैसे किसी इक्विटी फंड में एसआईपी शुरू करने के बाद अगले 6 महीने या एक साल में शानदार रिटर्न की उम्मीद करने लगते हैं, तो जरूरी नहीं कि ऐसा हो।




# एसबीआई जन निवेश की 250 रुपये वाली एसआईपी कितनी बेहतर होगी

तैयारी
बिजनेस डेस्क

- इस योजना में कितना मिलेगा रिटर्न, किस स्कीम में जाएंगे आपके पैसे
- निवेश करने से पहले इस स्कीम के पिछले आंकड़े जांचे

एसबीआई म्यूचुअल फंड ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ मिलकर जन निवेश एसआईपी लॉन्च की है, जिसके जरिये सिर्फ 250 रुपये की मंथली एसआईपी से निवेश की शुरूआत की जा सकती है। इसे म्यूचुअल फंड में निवेश को आम लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने वाला कदम बताया जा रहा है। जो लोग इस जन निवेश एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाना चाहते हैं, उनके मन में पहला सवाल होगा कि इसमें निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल का जवाब जानने के लिए सबसे पहले तो यह मालूम होना चाहिए कि जननिवेश एसआईपी के जरिये जमा की जाने वाली हर रकम एसबीआई म्यूचुअल फंड की किस स्कीम में लगाई जाएगी। इसके बाद उस स्कीम के पिछले रिटर्न के आंकड़े यह अंदाजा लगाने में मदद करेंगे कि निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की संभावना हो सकती है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में जाएगी रकम

सबसे पहले बता दें कि जन निवेश एसआईपी से मिलने वाली सारी रकम एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में निवेश की जाएगी, जो एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक हाइब्रिड स्कीम है। जैसा कि नाम से जाहिर है, यह एक बैलेंस्ड एडवांटेज फंड है, जिसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड भी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का ही दूसरा नाम है।

### बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की क्या है खूबी

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके जरिये निवेशकों के पैसों को बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से इक्विटी और डेट में डायनैमिक ढंग से इनवेस्ट किया जाता है। सेबी के नियमों के तहत बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट दोनों की हिस्सेदारी 0 से 100 फीसदी तक कुछ भी हो सकती है। किस वक्त किस एसेट क्लास में कितने पैसे लगाने हैं, यह फैसला पूरी तरह फंड मैनेजर की समझदारी से किया जाता है. अगर मैनेजर को लगता है कि इक्विटी में रिटर्न गिरने वाला है, तो वह फंड को इक्विटी से डेट की तरफ ट्रांसफर कर सकता है और अगर शेयर बाजार में बेहतर रिटर्न की गुंजाइश नजर आती है, तो वह इक्विटी में फंड एलोकेशन बढ़ा सकता है। यानी इस हाइब्रिड फंड में पैसे लगाने पर निवेशकों को इक्विटी और डेट दोनों में निवेश का फायदा मिलने की उम्मीद रहती है। यही वजह है कि इसे संतुलित रिटर्न देने वाली स्कीम माना जाता है।

## एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का लंपसम रिटर्न

- 1 साल का रिटर्न : 9.9%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न : 12.69%
- लॉन्च से अब तक का औसत सालाना रिटर्न : 11.63%

### ऐसा है फंड

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का बेंचमार्क निफ्टी-50 हाइब्रिड कंपोजिट डेबट 50:50 इंडेक्स है, जिसका 1 साल का रिटर्न 9.23%, 3 साल का 9.48% और लॉन्च से अब तक रिटर्न 8.67% रहा है. रिटर्न के ये आंकड़े एसबीआई म्यूचुअल फंड की वेबसाइट से लिए गए हैं। 31 जनवरी 2025 को स्कीम का एक्सपेंस रेशियो रेगुलर प्लान के लिए 1.57% और डायरेक्ट प्लान के लिए 0.69% था. एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 18 फरवरी 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक 32,953.27 करोड़ रुपये था।

### एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का एसआईपी रिटर्न

- 1 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड) : 0.99% (रेगुलर प्लान), 1.92% (डायरेक्ट प्लान)
- 3 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड): 12.55% (रेगुलर प्लान), 13.6% (डायरेक्ट प्लान)

### ऐसे कर सकते हैं निवेश

जननिवेश स्कीम को लॉन्च किए जाने से पहले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में मिनिमम एसआईपी अमाउंट 500 रुपये था, लेकिन अब नई पहल के तहत इसमें मिनिमम 250 रुपये की एसआईपी से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। नई पहल के तहत एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम में एसबीआई योनो ऐप के अलावा पेटीएम, जिरोधा और ग्रो जैसे डिजिटल फिनटेक प्लेटफॉर्म के जरिये भी निवेश किया जा सकता है। इससे इनवेस्टर अपने मोबाइल से ही एसबीआई की शुरुआत कर पाएंगे।

### पिछला रिटर्न भविष्य की गारंटी नहीं

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पिछले रिटर्न के आंकड़े देखकर आप इस स्कीम के अब तक के प्रदर्शन का अंदाजा लगा सकते हैं. लेकिन म्यूचुअल फंड्स में पिछले प्रदर्शन के भविष्य में भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। फिर भी पिछले प्रदर्शन के आधार पर फंड मैनेजमेंट के बारे में कुछ अनुमान तो लगाया ही जा सकता है। इक्विटी में बड़े एक्सपोजर की गुंजाइश वाले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड को रिस्कोमीटर पर हाई रिस्क वाला माना गया है।

# निवेश करने के तुरंत बाद मेरे निवेश में गिरावट क्यों हो जाती है शुरू



सुझाव
संदीप वालुंज

***निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है, इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करना सबसे बेहतर रहता है।***

कई बार यह देखने में आता है कि आप निवेश करें यानी बाजार में पैसा लगाएं और एकदम गिरावट शुरू हो जाए। यह निराशाजनक महसूस करता है जब म्यूचुअल फंड या स्टॉक आपके निवेश के तुरंत बाद गिरने लगते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य की तरह लग सकता है, कई परिहार्य कारक इसमें योगदान करते हैं। निवेशक व्यवहार का दलबार मात्रात्मक विश्लेषण (क्यूएआईबी) लगातार दिखाता है कि व्यक्तिगत निवेशक व्यापक बाजार से कम प्रदर्शन करते हैं। यह काफी हद तक है क्योंकि वे निवेश करने से पहले स्पष्ट संकेतों या सकारात्मक गति की प्रतीक्षा करते हैं, अक्सर गलती करने या लाभ से चूकने के डर से प्रेरित होते हैं। जब तक वे ₹निश्चित₹ महसूस करते हैं, तब तक बाजार पहले से ही वृद्धि में कीमत लगा चुका होता है, जिससे आगे तत्काल ऊपर की ओर बहुत कम गुंजाइश बचती है। इस प्रवृत्ति और निवेश के परिणामों पर इसके प्रभाव को व्यवहारिक वित्त अनुसंधान द्वारा उजागर किया गया है।

### झुंड मानसिकता

निवेशक अक्सर दूसरों का अनुसरण करते हैं जब वे बढ़ती कीमतों को देखते हैं, यह सोचकर कि यह सुरक्षा का संकेत है। इससे बाजार की चोटियों के समय बड़े पैमाने पर निवेश हो सकता है जब आशावाद उच्चतम होता है, जिससे बाद में करेक्शन की संभावना बढ़ जाती है।

### रीसेंसी बायस

लोग हाल के प्रदर्शन को अनुचित वजन देते हैं। जब कोई स्टॉक या फंड अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो यह ₹सुरक्षित₹ निवेश की तरह लगता है; और लोग जोखिम रेटिंग को अनदेखा करते हैं। जोखिम से बचने वाले कई निवेशक स्मॉलकैप में तब निवेश करते देखे जाते हैं, जब वे काफी ऊपर चढ़ जाते हैं।

### नुकसान का डर (जोखिम से बचना)

निवेशक निवेश करने में संकोच करते हैं जब बाजार अनिश्चित या अस्थिर होते हैं, स्थिरता के संकेतों की प्रतीक्षा करते हैं। दुर्भाग्य से, जब तक वे कदम उठाने का सोचते हैं, तब तक विकास की संभावना का एक बड़ा हिस्सा पहले ही घटित हो चुका होता है।

### मार्केट टाइमिंग बायस

बाजार स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं, और अल्पकालिक उतार-चढ़ाव सामान्य हैं। यदि आप बाजार के शिखर के दौरान या मूल्यांकन अधिक होने पर निवेश करते हैं, तो एक करेक्शन का पालन किया जा सकता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपका निवेश गिरावट का कारण बना।

### मीन रिवर्सन

मोमेंटम अक्सर शॉर्ट टर्म में स्टॉक या फंड को चलाता है, लेकिन इसका मतलब है कि रिवर्सन (औसत प्रदर्शन पर लौटना) अक्सर मध्यम अवधि में किक करता है. गति का पीछा करने वाले निवेशक इस स्थिर रूप से सामान्य घटना को 'निवेश के तुरंत बाद अंडरपरफॉर्मेंस' कह सकते हैं

### दूसरों द्वारा लाभ लेना

जब स्टॉक बहुत तेजी से बढ़ते हैं, तो निवेशकों द्वारा लाभ लेने से गिरावट आ सकती है. उदाहरण के लिए, संस्थागत निवेशक अक्सर पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करते हैं, ओवरवैल्यूड एसेट बेचते हैं और अंडरवैल्यूड खरीदते हैं. और चूंकि उनके पोर्टफोलियो बड़े हैं, इसलिए यह अक्सर गिरावट की ओर जाता है।



### इस घटना से कैसे बचें

- **फंडामेंटल के आधार पर इन्वेस्ट करें** : हाल के प्रदर्शन या रुझानों के बजाय किसी परिसंपत्ति के आंतरिक मूल्य पर ध्यान दें। वैल्यूएशन, अर्निंग ग्रोथ या सेक्टर आउटलुक जैसे मेट्रिक्स का इस्तेमाल करके म्यूचुअल फंड या स्टॉक्स का मूल्यांकन करें।
- **सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का उपयोग करें** : एकमुश्त निवेश करने के बजाय, एसआईपी आपको समय-समय पर निवेश करने की सुविधा देता है, जिससे बाजार की अस्थिरता का प्रभाव कम होता है।

### अनुसंधान और विविधता

केवल पिछले प्रदर्शन पर भरोसा करने से बचें। इसके अलावा, एक क्षेत्र में खराब समय के प्रभाव को कम करने के लिए अपने निवेश को परिसंपत्ति वर्गों, क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों में निवेश करे

### निवेश योजना पर टिके रहें

निवेश को अपने लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के साथ संरेखित करें। अल्पकालिक परिवर्तनों के लिए भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया करने से बचें।

### 'टाइमिंग द मार्केट' के प्रलोभन से बचें

निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है। इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करें। समय के साथ, अनुशासित और सूचित निवेश आपको इन अल्पकालिक ₹डिप्स₹ से बाहर निकलने और अपने वित्तीय उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। जैक बोगल के शब्दों को दोहराते हुए, मैं निवेशकों से यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करूंगा: 'अस्थिरता आपका मित्र है, आवेग आपका शत्रु है'।

*(लेखक मोतीलाल ओसवाल फायनांशियल सर्विसेस लिमिटेड के ग्रुप चीफ मार्केटिंग ऑफिसर हैं।)*

### उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने ड्रग्स की रोकथाम को लेकर उठाए कदमों की समीक्षा की

# ठोस कार्रवाई के लिए ड्रग्स तस्करों की जानकारी होना जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्रग्स पर पूर्ण रूप से रोकथाम के लिए सरकारी के साथ-साथ सभी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों व संचालकों का भी जरूर सहयोग लें। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की सही जानकारी होना जरूरी है ताकि उन पर ठोस कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी तरह से ड्रग्स की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाना जरूरी है ताकि युवा पीढ़ी को नशे के सेवन से बचाया जा सकें। इसके लिए समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग जरूरी है।

डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में ड्रग्स की रोकथाम को लेकर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठकों का आयोजन करें और तालमेल स्थापित करें और ड्रग्स की बिक्री करने वालों की जानकारी हासिल करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ड्रग्स की रोकथाम को लेकर प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को अपने साथ लेना जरूरी है ताकि यह पता चल सके कि उनके आसपास में कितने लोग ड्रग्स का सेवन कर रहे हैं और उनको कहां से और किस प्रकार से ड्रग्स सप्लाई की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में भी नशा मुक्ति पर विशेष मेडिकल कैंप आयोजित करें। दवाई देने के साथ-साथ युवाओं को समझाएं कि ड्रग्स और नशीली दवाओं का सेवन न करें, नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिला में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवाइयां होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यह भी कड़ी निगरानी करें कि नशा मुक्ति केंद्र में भी तो कोई ड्रग्स नहीं पहुंचा रहा है। उपायुक्त ने बैठक के दौरान मौजूद जिला में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों के प्रतिनिधियों से वहां पर आ रही किसी भी प्रकार की दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। यदि कोई सेंटर बेहतर ढंग से कार्य कर रहा है तो उसके तरीका को दूसरे सेंटर में भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों पर छोड़ने वालों से जानकारी हासिल करें कि कौन और कहां पर किस तरीके से ड्रग्स सप्लाई कर रहा है।

### रेडक्रॉस के ड्रग्स एडिक्शन सेंटर को फिर से शुरू करवाने के दिए निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेडक्रॉस सचिव श्यामसुंदर को निर्देश दिए की रेड क्रॉस द्वारा पूर्व में संचालित नशा मुक्ति केंद्र को फिर से शुरू करवाने के लिए कैसे तैयार करें और उनके माध्यम से मुख्यालय भिजवाया जाए इसी प्रकार से उन्होंने जेल के अंदर भी नशा मुक्ति केंद्र शुरू करवाने के निर्देश दिए।इस दौरान एसीयूटी अभिनव सिवाच, एसपी शशि शेखर, नगराधीश अंकित कुमार, एसडीएम महम दिलबाग फोगाट, सांपला के एसडीएम , शुगर मिल के एमडी मुकुंद तंवर, जेल अधीक्षक सत्यवान, सिविल सर्जन डॉ रमेश आर्य, डीईओ मंजीत मलिक, रेडक्रॉस सचिव श्यामसुंदर, समाज कल्याण अधिकारी एमपी गोदारा, वैशाली सहगल, डॉ विनय कुमार, डॉ प्रमोद बिंद्रा, सुमन राठी, सुरेश कुमार, राजकुमार और मीनू जेटली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकी को शहर के हर वार्ड में मिल रहा भारी समर्थन

- भाजपा उम्मीदवारों को पक्ष में जनता का समर्थन देख कार्यकर्ता उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि को रोहतक में जमकर जनसमर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान जिस वार्ड में भी राम अवतार पहुंचते हैं, वहां उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार को मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि रोहतक नगर निगम के वार्ड-9 और 19 में पहुंचे। राम अवतार वाल्मीकि ने बताया कि दोनों ही वार्डों में उनका अभिनंदन किया गया और जनता ने आश्वासन दिया कि इस बार भी भाजपा को भारी बहुमत से जिताकर नगर निगम की कुर्सी दी जाएगी। राम अवतार ने बताया कि सबसे मिलकर सबसे जुड़कर कारवां बढ़ रहा है। रोहतक को विकास और समृद्धि की ओर ले जाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। निवर्तमान चुनाव मनमोहन गोयल, 19 वार्ड के प्रत्याशी नरेंद्र कौशिक युवा नेता संजय गौतम, भीष्म शर्मा और सुनीता सेन राम अवतार के साथ जनसंपर्क में मौजूद रहे। मंगलवार को ही जनसंपर्क की कड़ी में प्रत्याशी कुलवीर सिंह के साथ टाटा मोटर्स पहुंचकर वहां के कार्यरत साथियों से मुलाकात की। इस अवसर पर चौधरी धर्मपाल मकड़ोली, चौधरी ओमप्रकाश, बलराम मकडोली, अधिवक्ता जयपाल मकड़ोली, प्रेम हुड्डा, जगत सिंह , जगबीर प्रधान, राजकुमार उर्फ गुल्ला पूर्व सरपंच मकड़ोली कला, जयपाल, महेंद्र गुलिया, रामफल शर्मा, महेंद्र सिंह और अन्य साथी उपस्थित रहे।

### सूर्य कवि बाजे भगत की पुण्यतिथि 26 को झज्जर चुंगी चौक में मनाई जाएगी



**रोहतक।** सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट रोहतक द्वारा हरियाणा के प्रसिद्ध सूर्य कवि बाजे भगत की पुण्यतिथि 26 फरवरी बुधवार को दोपहर 12:00 बजे ट्रस्ट के कार्यालय झज्जर चुंगी चौक रोहतक में मनाई जाएगी। जिसमें अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल होकर सूर्य कवि बाजे भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे व उनके जीवन पर प्रकाश डालेंगे। ट्रस्ट के प्रधान सैन सुरेश राणा पहरावर ने बताया कि सूर्य कवि बाजे भगत का जन्म सोनीपत जिले के सिसाना गांव में 16 जुलाई 1898 में बदलू राम के घर पर हुआ बाजे भगत प्रसिद्ध लोक कवि भगत एवं समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने लेखन एवं विचारों से समाज में नैतिकता भाईचारा एवं सत्य के मूल्यों को समझाया। परावर ने बताया कि उनकी रचनाएं आज भी देश-विदेश के कोने-कोने में कलाकारों द्वारा बहुत ही आदर के साथ गाई जाती है उनके द्वारा रचित सांग भजन एवं रागनियां उनकी रचनाएं एवं विचार संत कबीर एवं गुरु नानक जैसे विचारों से प्रभावित हैं। उनकी मृत्यु 26 फरवरी 1939 को हुई थी। सूर्य कवि बाजे भगत की रचनाओं से प्रेरित होकर रोहतक सैन समाज के प्रबुद्ध लोगों ने एक संस्था बनाकर एक स्मारक रोहतक में बनाने का संकल्प लिया और 2013 में सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट रोहतक बनाकर उनके स्मारक बनाने हेतु संस्था के नाम 1000 गज जमीन खरीदी गई।



### जीडी गोयंका स्कूल में मनाया शिवरात्रि महोत्सव

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में शिवरात्रि महोत्सव का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अनेक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नर्सरी से लेकर 8 वीं कक्षा तक के छात्रों ने इस त्योहार को मनाने के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र महाशिवरात्रि के महत्व और भगवान शिव से जुड़ी कथाओं से संबंधित नृत्य, नाटक एवं संगीत की सराहनीय प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने भगवान शिव की पूजा की और सभी को भक्ति भाव से सराबोर किया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या रितु सिंधु और उप प्राचार्य अनिल कुमार ने छात्रों को भगवान शिव के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय पीजी कालेज रोहतक में कर्तव्य बोध दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा महाविद्यालय शिक्षा के द्वारा पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रोहतक में कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके की गई। मां सरस्वती की वंदना डॉक्टर प्रवीण कुमार ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आदित्य बत्रा , प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और हृदय रोग विशेषज्ञ रहे। मुख्य अतिथि डॉ. लोकेश बल्हारा, राष्ट्रपति अवॉर्डी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुष्प दीप डागर रहे। कार्यक्रम में संगठन परिचय डॉ. पुष्प दीप डागर ने की। प्राचार्य डॉ लोकेश बल्हारा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विषय के महत्व को बताया। मुख्य वक्ता डॉ. आदित्य बत्रा ने विषय को रखते हुए कर्तव्य बोध दिवस में काम क्रोध मोक्ष माया इन चार कर्तव्य को समझाते हुए बताया कि मनुष्य अपने विचारों से महान होता है न कि उच्च स्तर से। हमे कर्म प्रधान होना चाहिए।


**Format C-1**

*(for candidates to publish in Newspapers, local TV channels or cable networks)*

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **BALRAJ SINGH S/O MR. RAJ SINGH R/O H.No. 875-A, VPO- KHERI SADH, DISTT. ROHTAK**

Name of political party: **INDEPENDENT**

(Independent candidates should write "Independent" here)

*Name of Election: **MUNICIPAL COUNCILLOR, WARD NO. 13, ROHTAK**

1. **BALRAJ SINGH** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | Pending criminal cases | | | Details and about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and status of case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1 | SH. AMIT SHEORAN. JMIC, ROHTAK | CHA/685/2022 FIR NO. 95 Dated 12.03.2021 POLICE STATION IMT, ROHTAK | U/S 10HDRA Act | Pending with Court | Charge not Framed |



## शिवरात्रि विशेषांक
















# कार ने ऑटो व बाइक में मारी टक्कर, महिला सहित दो की मौत, आठ घायल

## राहगिरों ने दी हादसे की सूचना, मृतकों में 26 वर्षीय नीलम व 64 वर्षीय जयवीर शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव गद्दी खेड़ी के पास तेज रफ्तार कार ने एक ऑटो और बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो सवार एक महिला व बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई और। हादसें में कार सवार एक युवक सहित ऑटो और बाइक पर सवार 8 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। साथ ही राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, दोनों शवों को पोस्मार्टम के लिए पीजीआई में रखवा दिया है।





रोहतक। खाई में गिरी ऑटो और क्षतिग्रस्त कार।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सड़क हादसे में मृतकों की पहचान 26 वर्षीय नीलम निवासी गद्दी खेड़ी और 64 वर्षीय जयवीर निवासी मदीना के रूप में हुई है। दोनों सिविल अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने आए थे और वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतिका के पति ने लगाया आरोप

मृतक महिला के पति विनोद का आरोप है कि कार सवार करीब 4 से 5 युवक शराब के नशे में थे, जिस कारण आगे चल रहे ऑटो में पीछे से टक्कर मारी है। इसके बाद ऑटो के आगे चल रही बाइक को भी टक्कर मारी, जिसमें बाइक सवार युवक भी घायल हुआ है। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर मेंभर्ती करवाया गया है। विनोद ने बताया कि ऑटो मदीना गांव का है, जिसे ड्राइवर सुरेश उर्फ गणेशी चला रहा था। जैसे ही वह रोहतक से सवारी लेकर गद्दी खेड़ी पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे ऑटो खाई में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं आगे चल रही बाइक दीवार से टकरा गई हुई, जिससे वह भी घायल हो गया। वहीं कार के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त है।

### कार चालकों पर केस दर्ज

राहगीरों ने सड़क हादसे की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतकों की पहचान नीलम व जयवीर के रूप में हुई है। मृतकों के परिजनों की शिकायत पर कार चालकों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। वहीं, घायलों का उपचार चल रहा है। घायलों के ब्यान भी दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-**अमित कुमार**, जांच अधिकारी, बहु-अकबरपुर थाना

## गवर्नमेंट कॉलेज महम में मनाया 36वां खेल महोत्सव



**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में 36वां खेल महोत्सव मनाया गया इसमें अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। खेलों का शुभारंभ अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा ने किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल और शिक्षा दोनों ही क्षेत्रों में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। दीपक हड्डा ने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने ली मतदाता शपथ

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक मत का मूल्य होता है। हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें देश के नागरिक ही देश की सरकार चुनते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक को किसी भी तरह के पक्षपात जैसे धर्म, जाति, क्षेत्र से बचते हुए एवं किसी भी प्रलोभन में आए बिना मतदान करना चाहिए।

### अवैध तरीके से कोर्स करवाने की शिकायत सीएम को भेजी

**रोहतक।** आईटीआई रोहतक से डेंटल लैब टेक्नीशियन का कोर्स करने वाले छात्रों ने सीएम को शिकायत भेजी है। छात्रों ने बताया कि वे आईटीआई से 2016 में डेंटल लैब टेक्नीशियन के छात्र हैं। आईटीआई के बिना हेल्थ ब्रांच इस कोर्स का रजिस्ट्रेशन नहीं करती। यह कोर्स अवैध तरीके से करवाया गया है। दो साल के कोर्स में एक साल पीजीआई में ट्रेनिंग की गई है। लेकिन वह जब भी सरकारी या गैर सरकारी संस्थान में नौकरी के लिए आवेदन करते हैं तो उनका आवेदन रद कर दिया जाता है।

## सामान्य पर्यविक्षक के साथ उपायुक्त ने ली मीटिंग

# डीसी ने निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा तथा नगर निगम के आम चुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक राज नारायण कौशिक की अध्यक्षता में निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षक राज नारायण कौशिक ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं, डैसबोर्ड पर मतदान पार्टियों द्वारा अपडेट, आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करने बारे आवश्यक हिदायतें दी। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने निकाय चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निकाय चुनाव के लिए आयोजित किए गए प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी दूसरे प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई कर्मचारी दूसरे प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहता है, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चुनाव तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे चुनाव सामग्री का इंडेंट तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग रूम के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए तथा पोल डेसबोर्ड का संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। पीठासीन अधिकारी के अलावा वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी के मोबाइल नंबर भी मतदान बूथ के साथ मैपिंग किए जाए।



### 22 मापदंडों के आधार पर करें निरीक्षण


उपायुक्त खडग़टा ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त व आदर्श चुनाव आचार संहिता के नोडल अधिकारी भूपेंद्र सिंह से कहा कि वे अनाधिकृत रूप से सार्वजनिक, निजी संपत्ति पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने वालों पर चालान किए जाए। अनाधिकृत स्थानों पर चस्पा की गई चुनाव सामग्री से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निपटारा करने के लिए ऐसी सामग्री को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए तथा इस संदर्भ में जारी 22 मापदंडों के आधार पर प्रत्येक मतदान केंद्र का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करें।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति करें सुनिश्चित

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 2 मार्च को मतदान के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम व संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम एक-एक व्हीलचेयर का प्रबंध किया जाए तथा एक-एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को इस कार्य के लिए तैनात किया जाए। नगर निगम द्वारा चुनाव के संदर्भ में परिवहन योजना भी तैयार की जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि शेखर, नगर पालिका कलानौर के निर्वाचन अधिकारी-कम- महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट, नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम चुनाव के प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी मुकुंद तंवर, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व नमिता, नगर निगम की सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश भारद्वाज, गगन पांडे, विजय दलाल, अंशुल दलाल, मंडल रोजगार अधिकारी व नगर निगम सिंगल विंडो की नोडल अधिकारी सोनम गोयल, निर्वाचन तहसीलदार सरला, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, डीआईओ महेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### संवेदनशील व अतिसंवेदनशाल मतदान केंद्र चिन्हित किए

डीसी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम रोहतक तथा नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव के लिए स्थापित किए गए मतदान केंद्रों में से संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए है। इन मतदान केंद्रों पर सूक्ष्म पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से कहा कि वे निकाय चुनाव के लिए पुलिस बल की तैनाती की योजना तैयार करें। चुनाव के दृष्टिगत सभी सुरक्षा प्रबंध व साइबर अपराध से निपटने के प्रबंध किए जाए। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें। मतदान केंद्रों पर रैंप की सुविधा भी सुनिश्चित की जाए। सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त की गई वाहन अनुमति की भी जांच करें।



रोहतक। कांग्रेस से भजपा में शामिल होते हुए कांग्रेस के नेता वीरेंद्र सचदेवा।

### कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की

**रोहतक।** मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान शहर के कई कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की। कांग्रेसी नेता वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि वे हरियाणा कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया इंचार्ज रहे हैं। वे करीब 15 साल से कांग्रेस में रहे हैं। इसके अलावा गांधी कैंप के समाजसेवी सतपाल अरोड़ा भी कई साल से कांग्रेस में सक्रिय थे। जिन्होंने भाजपा ज्वाइन की है। कांग्रेसी नेता रामफल बैरागी ने नहीं बल्कि उनके भतीजे कृष्ण स्वामी ठेकेदार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। साथ ही जयभगवान स्वामी, रामनिवास स्वामी, रूप सिंह स्वामी, सतपाल टांक, राकेश भारद्वाज व बिट्टू सैनी आदि ने अपने साथियों के साथ भाजपा ज्वाइन की।

### मॉडल तथा चार्ट एग्जिबिशन कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** केवीएम नर्सिंग कॉलेज में मंगलवार को मॉडल तथा चार्ट एग्जिबिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए अध्ययन के साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज का समय समय पर आयोजन होना आवश्यक है। इसी विचार को अमल में लाते हुए केवीएम नर्सिंग संस्थान में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। समारोह का शुभारंभ कालेज संस्थान के डायरेक्टर कर्मवीर मायना तथा प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा द्वारा किया गया। समारोह में बी.एस.सी नर्सिंग, जीएनएम तथा एएनएम की छात्राओं द्वारा कला का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। छात्राओं द्वारा फोटोथेरेपी, कोल्ड चैन, बैलेंस डाइट, हैंड वॉशिंग, आयुष पद्धति आदि सुंदर मॉडल विवरण सहित प्रस्तुत किए गए। इसी के साथ छात्राओं ने सीपीआर, बीएमआई, मिड-डे मील आदि चार्ट प्रस्तुत किए। इस एग्जीबिशन के द्वारा विद्यार्थियों की कला तथा कौशल को निखारने का अद्भुत प्रयास किया गया। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए फोटोथेरेपी वर्किंग मॉडल को प्रथम स्थान के साथ सम्मानित किया गया कॉलेज की प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया तथा छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाबाशी दी गई।




### पीड़ित गायों के लिए गोशाला में की दवाइयों की सेवा



**रोहतक।** जनता कॉलोनी स्थित वैश्य वायामशाला की गौशाला में पीड़ित गायों के लिए गौशाला के प्रबंधक सुभाष तायल को भारत विकास परिषद रोहतक शाखा की ओर से दवाइयों की सेवा भेंट की। शाखा के संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि यहां इस गौशाला में लावारिस व पीड़ित पशुओं की सच्ची सेवा की जाती है। हृदय इन पीड़ित पशुओं को देखकर द्रवित होता है, यहां दवाइयों की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ती है। प्रत्येक व्यक्ति को यहां अवश्य सेवा देनी चाहिए। यहां की हुई किसी भी प्रकार की सेवा व्यर्थ नहीं जाएगी व असहाय पशुओं का सच्चा आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस अवसर पर सुभाष तायल, गणपत राय गोयल, अजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### समर्थगुरुधारा ध्यान योग 28 फरवरी से

**रोहतक।** समर्थगुरुधारा रोहतक संघ 28 फरवरी से अपने ध्यान केंद्र ताज गार्डन, ओमेक्स सिटी में तीन दिवसीय ध्यान योग आयोजित करने जा रहा है। डॉक्टर परमवीर फोगाट जिला समन्वयक ने कोर कमेटी की बैठक के बाद यह जानकारी दी। समर्थगुरुधारा का पहले तल का यह प्रोग्राम समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा भगवान गौतम बुद्ध के अष्टांग मार्ग पर आधारित है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण समर्थगुरु सिद्धार्थ के विशेष दूत समर्थधारा संघ के केंद्रीय कोर्डिनेटर आचार्य प्रोफ़ेसर आचार्य दर्शन रहेंगे, जोकि एक मार्च को नाद दिशा देंगे व शाम को एक सत्संग भी आयोजित करेंगे। इस अवसर पर संघ के संरक्षक रमेश खुराना, प्रोफेसर गोयल, चंद्रभान गहलावत, आचार्य अनाहत, संदीप नैन, विजय, समीर खुराना, आचार्या रंजना, मोनिका, प्रोमिला, आशा आदि मौजूद रहे।

### ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना मंत्रों की दी प्रस्तुति

**रोहतक।** 12 से 26 फरवरी 2025 तक महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्म दिवस से महर्षि बोधरात्रि उत्सव तक वैदिक पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। स्वामी दयानंद जयंती के अवसर पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्रतिदिन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ कई अन्य गतिविधियां जैसे वृक्षारोपण, क्विज, ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना मंत्रों की प्रस्तुति की गई। 25 फरवरी को विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा की अध्यक्षता में ऋषि बौधउत्सव मनाया गया। ऋषि बोधउत्सव दिवस का प्रारंभ यज्ञ से किया गया। आज के यज्ञ के यजमान विजय चुघ रहे, जो हिंदू विश्व परिषद के सजग कार्यकर्ता हैं। यज्ञ के साथ-साथ भजन, भाषण, ईश्वर स्तुति प्रार्थना मंत्र की प्रस्तुति रही विभिन्न विषय के ओलिंपियाड के विजयी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।



### मैनेजर पद के लिए होटल प्रबन्धन संस्थान में 47 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार



**रोहतक।** स्थानीय तिलियार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान रोहतक में मंगलवार को देश की प्रतिष्ठित पंच सितारा होटल कंपनी जेपी ग्रुप ने छात्रों का मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार लिया। व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में बीएससी तृतीय वर्ष के 47 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। जेपी होटल से आए हुए मैनेजर आनंद मिश्रा, गुलशन सुनीता अमोला ने विद्यार्थियों को होटल की कार्यशैली के बारे में बताया तथा कंपनी के भविष्य के आने वाले परियोजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्लेसमेंट अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए इस साक्षात्कार का आयोजन संस्थान द्वारा कराया गया।

## बाबा मस्तनाथ विवि में भव्य जॉब फेयर का किया आयोजन

- रोजगार मेले में 50 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया जिसमें 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित जॉब फेयर 2025 ने छात्रों के करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। इस विशाल रोजगार मेले में देश की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और छात्रों को सुनहरे करियर अवसर प्रदान किए। इस जॉब फेयर में 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय सदैव अपने छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि व्यावसायिक रूप से भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र आज शीर्ष कंपनियों में अपनी जगह बना रहे हैं। यह हमारी शिक्षा पद्धति और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि उद्योग जगत के प्रतिष्ठित संगठन हमारे छात्रों को अपने साथ जोड़ने के लिए तत्पर हैं। यह जॉब फेयर न केवल छात्रों के लिए एक अवसर है, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा को भी दर्शाता है।





रोहतक। कंपनी द्वारा जॉब फेयर में लिया जा रहा है एक इंटरव्यू व जॉब फेयर में आए हुए युवकों के साथ कुलपति एच एल वर्मा ।

### मेले में 450 से ज्यादा बच्चों को मिली जॉब

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. अभिषेक ने बताया कि इस मेले में 450 से ज्यादा बच्चों को शॉर्टलिस्ट कर जॉब प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, हम इन सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं और हमें उम्मीद है कि आगे भी हमारे विश्वविद्यालय में छात्रों को शीर्ष कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलते रहेंगे।

यह आयोजन बॉश कंपनी के सहयोग से आयोजित किया गया। बॉश के असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर फर्रुख अहमद ने मीडिया को बताया कि हमारी संस्था सी.एस. आर. डिपार्टमेंट के तहत स्किल डेवलपमेंट ओर रोजगार प्राप्ती के अवसर प्रदान करने में अलग अलग स्किल सेंटर को ब्रिज प्रोग्राम के अंतर्गत सहयोग प्रदान करती है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़कर छात्रों को वास्तविक करियर अवसर प्रदान करने में भी अग्रणी है। डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. नवीन कपिल ने कहा कि हम छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कर रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

डीन छात्र कल्याण विभाग डॉ. सुधीर मलिक ने कहा कि छात्रों की सफलता हमारी प्रेरणा है। जॉब फेयर के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि छात्रों को बेहतरीन अवसर मिले और वे अपने सपनों को साकार कर सकें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के कई गणमान्य व्यक्ति और प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। प्रो. एससी गखड़, डॉ. अनिल कनवा, डॉ. शीतल नांदल, डॉ. मोनिका, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. राज रानी, डॉ. अनीता यादव, डॉ. सवीन, डॉ. ज्योति, डॉ. अमित अत्री, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राहुल व अन्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटौली में 18वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन

# संस्कारों का जीवन में विशेष महत्व : डॉ. अमरजीत

- आज अमेरिका से अतिथि पहुंचे तथा यज्ञ मे आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्म जयंती वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटौली में आयोजित 18वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में आज अमेरिका से अतिथि पहुंचे तथा यज्ञ मे आहुति डाली। इस अवसर पर स्वामी आर्यवेश, स्वामी आदित्यवेश, बहन प्रवेश आर्या, बहन पूनम आर्या तथा इंद्रजीत शास्त्री ने डॉक्टर चंद्रपाल राणा, अमरजीत शास्त्री तथा उनके साथ आए अन्य प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यज्ञ के उपरांत अमेरिका के आर्य आज न्यूयॉर्क से पधारे डॉक्टर अमरजीत शास्त्री ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्कारों का जीवन में विशेष महत्व है। आज समाज से संस्कार गायब हो रहे हैं उसी का परिणाम है कि समाज का ताना बाना टूटता दिखाई देता है। संस्कारों के अभाव में ही समाज से संवेदनशीलता समाप्त हो रही है। यही कारण है कि आज माता पिता व बुजुर्गों का सम्मान होना कम हो गया है। समाज को सही दिशा की और लेकर जाना है तो संस्कारों के महत्व को समझना पड़ेगा।




### विकृत मानसिकता के कारण हो रही भ्रूण हत्या : बहन प्रवेश आर्या

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन प्रवेश आर्या ने कहा कि आज बेटियों को लोग इस विकृत मानसिकता के कारण पेट में मार रहे हैं क्योंकि वो मानते हैं कि वंश बेटे से चलता है। लेकिन ये उनका अधूरा चिंतन है। क्योंकि बेटा व बेटी दोनों का ही वंश चलाने में बराबर का योगदान है। उससे भी आगे कहें तो वंश चलता है संस्कारवान पुत्र व पुत्रियों से। इसलिए आज बेटियों को भी बेटों के समान शिक्षा, संस्कार व आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए ताकि जीवन कि ये गाडी सहज में चल सके। यदि इस गाड़ी का एक पहिया ठीक नहीं होगा तो निश्चित मानिये के जीवन यात्रा का रथ आगे नहीं बढ़ पायेगा।

### बेटियों के जन्म को भी उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए : चंद्रपाल

अमेरिका से पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्रपाल राणा ने कहा कि आज महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। देश के किसी भी क्षेत्र में जब बेटा पैदा होता है तो उत्सव होते हैं परन्तु आज बेटियों के जन्म को भी उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। आज यदि हम अपनी बेटियों को शिक्षा, अपने बेटों को संस्कार देंगे तो मां, बहन व बेटियों की सुरक्षा की चिंता स्वतः समाप्त हो जायेगी। यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश, वेदपाठी स्नातक आचार्य अमित, आचार्य अंकित ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर गाजियाबाद से स्वामी सूर्यवेश, मथुरा से स्वामी ब्रह्मानंद, राजबीर वशिष्ठ, अजयपाल आर्य, प्रीति आर्या, पूजा आर्या, एकता आर्या आदि भी उपस्थित रहे।